संख्या- 28/2017/681/33-3-2017-02/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, झांसी, जालौन एवं ललितपुर।

पंचायती राज अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 12 अप्रैल, 2017

विषय:- बुन्देलखण्ड के अन्तर्गत आने वाले जनपदों की ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या के दृष्टिगत रखते हुए पेयजल की व्यवस्था टैंकर के माध्यम से आपूर्ति करनें के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-234/33-3-2016-2/2016 दिनांक 18.02.2016 एवं शासनादेश संख्या-769/33-3-2016-02/2016 दिनांक 14.03.2016 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहनें का निदेश हुआ है कि 14 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को आवंटित अनुदान की धनराशि के उपभोग हेतु निर्गत मार्गदर्शक सिद्धांत दिनांक 18.02.2016 एवं शासनादेश दिनांक 14.03.2016 द्वारा बुन्देलखण्ड के अन्तर्गत आनें वाले जनपदों में ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करनें हेतु टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद-हमीरपुर में 15, महोबा में 86, बांदा में 175, चित्रकूट में 195, ललितपुर में 126, जालौन में 29 एवं झांसी में 43 टैंकर क्रय किए जा चुके हैं। गर्मी के मौसम में बुन्देलखण्ड के समस्त जनपदों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु क्रय किए गए टैंकरों का ग्राम स्तर पर सुचारू रूप से क्रियाशील होना अति आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए बुन्देलखण्ड के समस्त जनपदों में पेयजल की उपलब्धता बनाये रखने के लिए क्रय किए गए टैंकरों का सदुपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)

अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in

संख्या व दिनांकः- तदैव।

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रमुख स्टाफ अधिकारी, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

2- स्टाफ अधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

3- प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,उ0प्र0 शासन।

4- निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 लखनऊ।

5- आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0।

6- मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।

7- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

8- समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

9- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)

उप सचिव।

http://Shasnadeshup.nic.in